Title: Regarding fixation of cut-off date for qualification of NIOS trained teachers in Bihar-Laid.

श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर): मैं बिहार में NIOS से प्रशिक्षित शिक्षको को प्रशिक्षण पूर्ण करने की तिथि से प्रशिक्षित मानने हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहना चाहता हूँ कि अगर सरकार की जिम्मेवारी दिनांक 31/03/2019 तक प्रशिक्षित करने की थी तो 31/03/2019 तक प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों का परीक्षाफल का प्रकाशन विलम्ब से क्यों किया गया है। इसमें शिक्षकों का क्या दोष है।

इससे बिहार के शिक्षक 31/03/2019 को अप्रशिक्षित माने जा रहे हैं। तो क्यों न प्रशिक्षण पूर्ण करने की तिथि को ही परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि मानी जाए जिससे शिक्षकों का हित प्रभावित न हों अतः मेरा सरकार से आग्रह होगा कि इस मामले पर संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की जाए।